# संपर्क में..........ट्यून में

## सी.एस.आई.आर.–सी.एम.ई.आर.आई मासिक समाचार पत्र

अंक 10, जनवरी 2017


## रोबो एक्सपो–2016

सीएसआईआर–सीएमईआरआई, दुर्गापुर ने दिनांक 21 दिसंबर 2016 को द्वितीय भारत अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव (आईआईएसएफ–2016) के एक अनुवर्ती कार्यक्रम के रूप में रोबो एक्सपो का आयोजन किया। यह कार्यक्रम मुख्य रूप से ग्यारहवीं कक्षा के विज्ञान के छात्रों के लिए लक्षित था जिससे करियर बनाने के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी क्षेत्र की तरफ युवाओं का ध्यान आकर्षित किया जा सके। लगभग 100 अभिप्रेरित छात्र इस ओर आकर्षित भी हुए, उन्हें दिन के पहले सत्र के दौरान प्रयोगशाला के चयनित विभागों में एक निर्देशित दौरे पर ले जाया गया। मुख्य अतिथि के रूप में दुर्गापुर के माननीय मेयर श्री अपूर्व मुखर्जी और एक सम्मानित अतिथि के रूप में दुर्गापुर के माननीय विधायक श्री विश्वनाथ परियाल और दुर्गापुर नगर निगम की आयुक्त अधिकारी श्रीमती कस्तूरी सेनगुप्ता उपस्थित होकर इस कार्यक्रम की गरिमा और शोभा बढ़ाई। मेयर ने अपने भाषण में सीएसआईआर–सीएमईआरआई द्वारा उच्च विज्ञान के साथ–साथ किए गए विभिन्न सामाजिक पहल की सराहना की। दूसरे सत्र के दौरान संविधान दिवस जिसे सीएमईआरआई में 26 नवंबर, 2016 को मनाया गया के एक विस्तार कार्यक्रम के रूप में प्रोफैसर राखी चौधरी, विभागाध्यक्ष, राजनीति विज्ञान विभाग, टीडीपी कॉलेज, रानीगंज द्वारा भारत के संविधान पर एक भाषण दिया गया। इसके उपरांत श्री प्रसाद, विभा, कोलकाता चौप्टर के प्रतिनिधि द्वारा आईआईएसएफ पर एक व्याख्यान दिया गया।



सीएसआईआर–सीएमईआरआई की यात्रा के दौरान रोबोएक्स्पो में विज्ञान के छात्र



रोबोएक्स्पो के दौरान रोबोटिक्स प्रणाली का लाइव प्रदर्शन

## प्रशस्तियां

- प्रसेनजीत दास, सुदीप कुमार सामंत, हिमाद्री चट्टोपाध्याय व प्रदीप दत्ता द्वारा अर्ध ठोस अल–सी एमजी मिश्र धातु के कूलिंग स्लोप पर ताप प्रवाह के प्रभाव विषय पर तैयार शोध पत्र एक्टा मेटालर्जीका सिनिका (अंग्रेजी पत्र) 2016 का उत्कृष्ट लेख पुरस्कार प्राप्त किया।
- डॉ देबाशीष घोष, प्रधान वैज्ञानिक को 'मेक इन इंडिया' कार्यक्रम में अपने पत्र 'इस्पात उद्योग की भूमिका और योगदान' के लिए इंजीनियर्स संस्थान (भारत) द्वारा डॉ एम विश्वेश्वरैया अवार्ड 2016 से सम्मानित किया गया है।

## आमंत्रित व्याख्यान

दिनांक: 20.12.2016 को संस्थान के एम.एम. सूरी हॉल में कोलंबिया जिला विश्वविद्यालय, वाशिंगटन डीसी के प्रो देवदास शेट्टी ने 'मेकाट्रोनिक्स सिस्टम डिजाइन में उभरते रुझान' पर एक आमंत्रित तकनीकी व्याख्यान दिया।

## अंतर अनुभागीय स्थानांतरण

- निदेशक महोदय ने श्री पार्थ सारथी पाल, वैज्ञानिक का डी और सीएसटी समूह में स्थानांतरण का अनुमोदन किया है। श्री पाल दिन का पहला चरण डी और सीएसटी समूह और दूसरा चरण बीडीजी समूह के लिए काम करेंगे। [कार्यालय ज्ञापन संख्या.: 10.प्रशा.(18)/75–स्था(बी); दिनांक: 01.12.2016]
- सक्षम प्राधिकारी, सीएसआईआर–सीएमईआरआई ने श्री काजल साहा तालुकदार, सहायक (सा) ग्रेड–I को तत्काल प्रभाव से चिकित्सा प्रकोष्ठ से भर्ती अनुभाग में स्थानांतरण करने का सहर्ष अनुमोदन प्रदान किया है। [कार्यालय ज्ञापन संख्या.: 10.प्रशा. (18)/75–स्था(बी); दिनांक: 01.12.2016]

## अतिरिक्त जिम्मेदारी की फेरबदल/सुपुर्दगी

- श्री एस हलदर, प्र. अ., सीएसआईआर–सीएमईआरआई, दुर्गापुर का सीएसआईआर–आईआईसीबी, कोलकाता में स्थानांतरण के फलस्वरूप निदेशक, सीएसआईआर–सीएमईआरआई ने सहर्ष अनुमोदन किया है कि सुश्री मुनमुन गुप्ता, अनुभाग अधिकारी (सा) जनसंपर्क समूह से जुड़े अपने वर्तमान कार्यभार के अतिरिक्त स्थापना अनुभाग के प्रभारी अधिकारी के रूप में दिनांक 01.12.2016 से कार्य करेंगी। इसके अलावा, सुश्री गुप्ता केन्द्रीय लोक सूचना अधिकारी के तौर पर भी कार्य करेगी। विधि–प्रकोष्ठ जो सुश्री गुप्ता की देखरेख में चलाया जा रहा था अब प्रत्यक्षतः श्री जय शंकर शरण, प्रशासनिक अधिकारी के नियंत्रणाधीन रहेगा। [कार्यालय ज्ञापन संख्या.: 10.प्रशा.(18)/78–स्था(बी); दिनांक: 01.12.2016 और कार्यालय ज्ञापन संख्या.: आरटीआई /सीएमईआरआई/विविध/2016, दिनांक: 02.12.2016]
- यह निर्णय लिया गया है कि श्री चंदन कुमार, अनुभाग अधिकारी (सामान्य) अपने वर्तमान जिम्मेदारियों के अलावे परियोजना के कर्मचारियों, बीओपीटी प्रशिक्षुओं आदि से संबंधित कार्यों का देखरेख करेंगे और एसीएसआईआर से संबंधित मामलों में सहायता करेंगे और श्रीमती मुनमुन गुप्ता अपने वर्तमान कार्यभार के अलावा अब से वैज्ञानिक और तकनीकी कर्मचारियों के कार्य मूल्यांकन पदोन्नति के कार्यों का देखभाल करेंगी। श्री आर के दास, अनुभाग अधिकारी (सामान्य) और श्री कौशल कुमार, अनुभाग अधिकारी (सामान्य) परामर्शदाता के रूप में श्री चंदन कुमार को उनके नई जिम्मेदारी के निर्वहन में सुझाव देते रहेंगे। श्री सुब्रत मंडल, सहायक (सा) ग्रेड–I परियोजना संबंधित उद्देश्यों से श्री चंदन कुमार को रिपोर्ट करेंगे। श्री सुकांत सामंत, सहायक (सा) ग्रेड–I और श्री शैलेन्द्र कुमार, सहायक (सा) ग्रेड–I वैज्ञानिक और तकनीकी कर्मचारियों के मूल्यांकन पदोन्नति से संबंधित काम के लिए श्रीमती मुनमुन गुप्ता को रिपोर्ट करेंगे। [कार्यालय ज्ञापन संख्या.: विविध/स्था.I/2003; दिनांक: 13.12.2016]
- डॉ सोमज्योती मजूमदार, मुख्य वैज्ञानिक की सेवानिवृत्ति के फलस्वरूप यह निर्णय लिया गया है कि डॉ रंजन सेन, मुख्य वैज्ञानिक को वैज्ञानिकों और तकनीकी कर्मचारियों (विभागाध्यक्षों के अलावा अन्य) के दौरे के प्रस्तावों पर हस्ताक्षर करने के लिए प्राधिकृत होंगे। डॉ पी के चटर्जी, मुख्य वैज्ञानिक/डॉ रंजन सेन, मुख्य वैज्ञानिक प्रौद्योगिकी विमोचन समिति के अध्यक्ष के रूप में कार्य करेंगे। डॉ पी के चटर्जी, मुख्य वैज्ञानिक वर्तमान सीएसआईआर दिशानिर्देश अनुसार परीक्षण, अंशांकन और तकनीकी सेवाओं के लिए प्रस्तावों को मंजूरी निदेशक, सीएसआईआर–सीएमईआरआई की ओर से करेंगे और डॉ पार्थ भट्टाचार्य, वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक, ईआरपी कार्यान्वयन और आधार संख्या आधारित उपस्थिति कार्यान्वयन के लिए नोडल व्यक्ति के रूप में कार्य करेंगे। इसके अलावा डॉ भट्टाचार्य सूचना सुरक्षा मुद्दों पर भारत सरकार की अनुमति का ख्याल रखेंगे। [कार्यालय ज्ञापन संख्या.: विविध/स्था.I/2003, दिनांक: 15.12.2016]
- सीएसआईआर–सीएमईआरआई को रोबोटिक्स व ऑटोमेशन और फार्म मशीनरी पर मिशन मोड कार्यक्रम की मुख्य जिम्मेदारी सौंपने से संबंधित सीएसआईआर मुख्यालय के निर्णय के फलस्वरूप सीएसआईआर–सीएमईआरआई में आंतरिक क्रियाकलापों के माध्यम से यह निर्णय लिया गया कि डॉ पार्थ भट्टाचार्य, वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक और डॉ शम्भूनाथ नंदी, प्रधान वैज्ञानिक, रोबोटिक व स्वचालन कार्यक्रम के लिए समन्वयक के रूप में कार्य करेंगे। इसी हैसियत से डॉ अवीक चटर्जी, वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक फार्म मशीनरी–कार्यक्रम में कार्य करेंगे।
- निदेशक, सीएसआईआर–सीएमईआरआई ने श्री अनुपम सिन्हा, प्रधान वैज्ञानिक को संस्थान के स्थानीय बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली (एलबीएएस) के लिए नोडल अधिकारी के रूप में सहर्ष मनोनीत किया है और इस हैसियत से श्री सिन्हा बैक–एन्ड सॉफ्टवेयर सहित संपूर्ण एलबीएएस के कार्यान्वयन के लिए स्थापना अनुभाग, आरपीबीडीजी समूह व आईटी समूह से पारस्परिक तालमेल बनाए रखेंगे। [कार्यालय ज्ञापन संख्या.: विविध/स्था.I/2003, दिनांक: 20.12.2016]
- निदेशक, सीएसआईआर–सीएमईआरआई ने परियोजना सं: एमएलपी 211112 के प्रधान अन्वेषक के रूप में डॉ एस एन मैती, मुख्य वैज्ञानिक के स्थान पर श्री आर पी चटर्जी, वैज्ञानिक, टीआईसी को सहर्ष मनोनीत किया है। डॉ एस एन मैती उक्त परियोजना के लिए प्रधान समन्वयक के रूप में कार्य करेंगे। [कार्यालय ज्ञापन संख्या.: विविध/स्था.I/2003, दिनांक: 23.12.2016]

## समितियों का गठन

- निदेशक, सीएसआईआर–सीएमईआरआई ने सीएमईआरआई परिसर में केन्द्रीय विद्यालय की इमारत के रखरखाव, स्टाफ क्वार्टर आवंटन और अन्य व्यापक सहयोग संबंधित मामलों की समीक्षा करने के लिए सुश्री मौ नंदी सरकार, वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया है। [कार्यालय ज्ञापन संख्या.: 1.प्रशा.(1)/विविध/समिति/97–स्था; दिनांक: 07.12.2016]
- निदेशक, सीएसआईआर–सीएमईआरआई ने बोली (संविदा) में सिविल, विद्युत और अन्य ठेके से संबंधित कार्य की गुणवत्ता में सुधार के लिए श्री बी एन सिंह, वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक की अध्यक्षता में एक निगरानी समिति का सहर्ष गठन किया है। [कार्यालय ज्ञापन संख्या.: 1. प्रशा.(1)/विविध/समिति/97–स्था; दिनांक: 23.12.2016]
- निदेशक, सीएसआईआर–सीएमईआरआई ने सीएसआईआर–सीएमईआरआई मुख्यालय, दुर्गापुर से सीएसआईआर–सीएमईआरआई–सीओईएफएम, लुधियाना का सुचारू रूप से संचालन हेतु विस्तृत विवेचना और संभवित एवं उचित संचालन के तौर तरीकों का सुझाव देने के लिए अनेक प्रकार्यात्मक प्रमुखों सहित एक समिति का सहर्ष गठन किया है। [कार्यालय ज्ञापन संख्या.: 1.प्रशा.(1)/विविध/समिति/97–स्था; दिनांक: 29.12.2016]
- 26–27 फरवरी, 2017 के दौरान सीएसआईआर–सीएमईआरआई के हीरक जयंती समारोह के अवसर पर हिन्दी में राष्ट्रीय सम्मेलन और प्रदर्शनी के संचालन के लिए, आयोजन समिति और तत्संबधित उप–समितियों का गठन किया गया है और राजभाषा प्रकोष्ठ के परिपत्र, दिनांक 09.12.2016 के जरिए सभी को सूचनार्थ प्रदर्शित किया गया।

## विविध

व्यक्तिगत कर्मचारियों की छुट्टी खातों को एलबीएएस के साथ लिंक करने की प्रणाली तैयार की गईं है जिसे सर्वसंबंधित को कार्यालय ज्ञापन संख्या.: प्रशा.2/67/80/एलबीएएस–2016 दिनांक: 27.12.2016 के जरिए अधिसूचित किया गया है।

## इस महीने के पेपर

**Effect of high molecular weight polyethyleneimine functionalized graphene oxide coated polyethylene terephthalate film on the hydrogen gas barrier properties**
***by Woong Bi Park, Parthasarathi Bandyopadhyay, Thanh Tuan Nguyen, Tapas Kuila, Nam Hoon Kim, Joong Hee Lee***
**Composites Part B: Engineering Volume 106, 1 December 2016, Pages 316–323**

## इस अंक में


- रोबो एक्सपो–2016
- प्रशस्तियां
- आमंत्रित व्याख्यान
- अंतर अनुभागीय स्थानांतरण
- अतिरिक्त जिम्मेदारी की फेरबदल/सुपुर्दगी
- समितियों का गठन
- विविध



राजभाषा विभाग की सहायता से प्रकाशन और रिपोजिटरी समूह द्वारा प्रकाशित